स्टार्टअप इकोसिस्टम में देश में तीसरे स्थान पर यूपी

लखनऊ। औद्योगिक नीतियों और वित्तीय प्रोत्साहन के दम पर उत्तर प्रदेश देश का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। प्रदेश में भारत सरकार के यहां 24 हजार से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं, जबकि 3,500 से ज्यादा स्टार्टअप स्टार्ट-इन-यूपी के तहत पंजीकृत हैं।

स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने 15 जुलाई 2020

24 हजार से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप

को स्टार्टअप नीति-2020 लागू की थी। इसके तहत 10 हजार स्टार्टअप और 100 इन्क्यूबेटर्स का नेटवर्क विकसित करने का लक्ष्य रखा गया। आठ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की योजना में एसजीपीजीआई में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हेल्थ टेक्नोलॉजी और आईआईटी कानपुर के नोएडा परिसर में एआई सेंटर संचालित हैं। सात अन्य सेंटर को भी मंजूरी मिली है।

स्टार्टअप मिशन निदेशालय के गठन और नोएडा व लखनऊ में डीप-टेक हब (यू-हब) विकसित करने को कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। अब तक स्टार्टअप्स और इन्क्यूबेटर्स को विभिन्न योजनाओं के तहत 38 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी गई है। ब्यूरो